मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355    POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ११    अंक :४७    मुंबई, शुक्रवार, ०६ सितंबर से १२ सितंबर २०१९    पृष्ठ : ४    कीमत : दो रुपये

## संक्षिप्त न्यूज

### नवनियुक्त राज्यपाल कोश्यारी का सीएम ने किया स्वागत

**मुंबई** : राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का बुधवार को मुंबई में आगमन हुआ। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल के आगमन पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मौजूद राज्य के उच्चशिक्षा मंत्री विनोद तावड़े ने राज्यपाल कोश्यारी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उसके बाद राज्यपाल के राजभवन पहुंचने के बाद राजभवन में तैनात पुलिस टीम ने राष्ट्रीय सलामी के साथ राज्यपाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव अजोय मेहता, मुख्य राजाचार्य अधिकारी नंदकुमार, पुलिस महानिदेशक सुबोध कुमार जायसवाल, वेणु गोपाल रेड्डी, राज्यपाल के सचिव उपस्थित थे। बता दें कि बीते रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने तत्कालीन राज्यपाल सी. विद्यासागर राव केस्थान पर भगत सिंह कोश्यारी को राज्यपाल नियुक्त किया था, जो गुरुवार को राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण करेंगे।

### शिवसेना वर्कर ने नेटफ्लिक्स पर भारत विरोधी कॉन्टेंट को लेकर जताई आपत्ति

**मुंबई** : शिवसेना के एक कार्यकर्ता ने अमेरिका स्थित एंटरटेनमेंट सर्विसेज कंपनी नेटफ्लिक्स के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में भारत की छवि को वैश्विक तौर पर गलत पेश करने व हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने का आरोप है। रमेश सोलंकी ने कहा, ह्यमैंने पुलिस आयुक्त संजय बर्वे को लिखा है कि किस तरह से नेटफ्लिक्स इंडिया पर हर सीरीज दुनिया भर में भारत को बदनाम करने के इरादे से प्रसारित की जा रही है। यह प्लैटफॉर्म (नेटफ्लिक्स इंडिया) गहरे तक हिंदू फोबिया से ग्रस्त है, जो देश की छवि को गलत तरीके से चित्रित कर रहा है।' सामाजिक व हिंदुत्व कार्यकर्ता सोलंकी शिवसेना के आईटी सेल के सदस्य हैं। सोलंकी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, बर्वे और मुंबई पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ को प्रतियां भेजने के साथ एलटी मार्ग पुलिस थाने में तीन पृष्ठ की शिकायत दर्ज कराई है। अपने तर्क को सही ठहराने के लिए उन्होंने विभिन्न नेटफ्लिक्स शो की आपत्तिजनक सामग्री की एक सीडी भी जमा की है।

### 6 साल का बच्चा खुले गटर में गिरा, शव बरामद

**मुंबई-** ' एक बार फिर एक बच्चे के गटर में गिरने का मामला सामने आया है. नालासोपारा में 6 साल का बच्चा खुले गटर में गिर गया. बुधवार शाम को गिरे बच्चे की रात भर तलाश की गई हालांकि गुरुवार सुबह बच्चे का शव बरामद किया गया है.


बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से मुंबई में हो रही तेज बरसात (ल्रीं५८ ३्रल्ल) के चलते कई गटर खोले गए थे. इसी दौरान वहां से गुजर रहा 6 साल का बच्चा गटर में समा गया. देर रात तक चली तलाश के बाद भी बच्चे के न मिलने से बच्चे की मौत की आशंका बढ़ गई. हालांकि बच्चे का शव मिल गया है. इस घटना के बाद से बच्चे के मां-पिता का रो रोकर बुरा हाल है. बता दें कि मुंबई के गोरेगांव में तीन साल का मासूम गटर में गिर गया था. जिसका कई दिनों तक तलाश अभियान चलाने के बाद भी बच्चे का पता नहीं चल सका था. बच्चे के गिरने की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी. बच्चे की पहचान दिव्यांशु के तौर पर हुई.

## पेट्रोल-डीजल के वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं-गडकरी

### 'कानून का डर न होना अच्छी बात नहीं'

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार का पेट्रोल-डीजल के वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, 'इस तरह की बातचीत उठी है और सरकार को सुझाव मिले हैं कि पेट्रोल-डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। मैं इस बात को स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सरकार का पेट्रोल-डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। हम ऐसा कुछ भी नहीं करने वाले हैं।'



मंत्री ने नए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाने पर कहा, 'सरकार जुमार्ने की राशि बढ़ाने की इच्छा नहीं रखती है। मुद्दा यह है कि ऐसा समय आना चाहिए कि किसी को दंड न मिले और सभी नियमों का पालन करें।' उन्होंने कहा कि कानून का सम्मान और डर न होना अच्छी स्थिति नहीं है।

बता दें कि 24 अगस्त को गडकरी ने सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग की सिफारिशों को दरकिनार करते हुए कहा था कि केंद्र सरकार ने ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और यह फैसला परिवहन मंत्री को लेना है, न कि नीति आयोग को। नीति आयोग ने प्रस्ताव दिया था कि तिपहिया वाहनों को 2023 और 150सीसी से कम क्षमता वाले दो पहिया वाहनों को 2025 तक सड़कों से हटा कर उनकी जगह इलेक्ट्रिक वाहन लाए जाएं। नीति आयोग के इस कदम की ऑटोमोबाइल जगत में काफी आलोचना हुई थी। जिसका असर यह हुआ कि ऑटो इंडस्ट्री को 20 साल बाद जबरदस्त मंदी का सामना करना पड़ा। नितिन गडकरी ने कहा कि परिवहन मंत्री होने के नाते मैंने नीति आयोग के बहुत से प्रस्तावों को मंजूरी दी है, लेकिन इस मामले में मैं परिवहन मंत्री हूं और फैसला मुझे लेना है, न कि नीति आयोग को।

इस साल जून में नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत की अगुवाई में बनी स्टीयरिंग कमेटी ने जारी रिपोर्ट में कहा था कि इलेक्ट्रिक वाहनों को सड़क पर उतारने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाए, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों को कम करने के लिए देश में ही फैक्टरियां लगा कर बैटरियों का निर्माण किया जाए।

## गोरेगांव में शिवसेना विधायक व पूर्व महापौर सुनिल प्रभु द्वारा आयोजित कजरी महोत्सव संपन्न

### अयोध्या मंदिर मुद्दे पर आदित्य ठाकरे ने भरा भारी हुंकार

### 'ओरवरसीज लुक' मैग्जिन का आदित्य ठाकरे ने किया विमोचन



**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** गोरेगांव (पूर्व), श्याम मंदिर, ओबेरॉय सुनिल प्रभु द्वारा आयोजित उत्तर भारतीय कजरी महोत्सव का आयोजन किया गया था, इस शुभ अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में शिवसेना के तेज तर्रार युवा नेता आदित्य ठाकरे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में श्री राम का स्थान है। उनका मंदिर बनकर रहेगा। जिस प्रकार से विवादित बाबरी मस्जिद को शिवसैनिकों ने तोड़वाने में अहम भूमिका रही, उसी प्रकार से मैं दावे के साथ कहता हूं कि प्रभु श्रीराम का मंदिर को बनने से नहीं रोक सकता है। यह मैं वचन देता हूं कि रघुकुल रीति सदा चलि आई.... प्राण जाए पर वचन न जाए...।

इस शुभ अवसर पर आदित्य ठाकरे के जीवन को महिमा मंडित व्याख्यान करने वाली मैग्जिन 'ओरवरसीज लुक'का विमोचन करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि इस मैग्जिन के द्वारा मेरे पूरे परिवार की महिमा की व्याख्यान की गयी। इस मैग्जिन के मुद्रक प्रकाशक प्रधान संपादक और उपाध्यक्ष एवं 'ओरवरसीज लुक' परिवार को मै धन्यवाद देते हुए अभिवादन करता हूं। इस मौके पर मा. नगरसेवक प्रशांत कदम चंद्रकांत वाडकर नगरसेवक आत्माराम चाचे, नगरसेविका विनया विष्णु सावंत, शिवसेना पदाधिकारी प्रदीप निकम, मनोज फतेह बहादुर सिंह, शिवसेना संगठक उत्तर भारतीय एकता मंच के अध्यक्ष अशोक तिवारी, अमरनाथ यादव, के. के. सिंह, सतीश शुक्ला, संतोष दुबे, राजेश पाण्डेय, राजू गिरी, अजित सिंह के अलावा भारी संख्या में उत्तर भारतीय महिला, पुरुष, कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने लोकगीत गायक सुरेश शुक्ला द्वारा प्रसिद्ध कजरी और देवी माता जी के गीत प्रस्तुत करके लोगों को भाव विभोर कर दिया। गौरतलब है कि शिवसेना दिंडोशी विधानसभा के विधायक सुनिल प्रभु हैं। जिन्होंने चुनाव के पहले से ही उत्तर भारतीय मतदाताओं को प्रसिद्ध कजरी के माध्यम से उत्तर भारतीय नेता और उत्तर भारतीयों को सम्मान करके उनके दिल में एक स्थान बनाना चाहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सुनिल प्रभु जैसे उ. भा. के हर सुख दु:ख और उनके कार्यक्रमों में उपस्थित होकर उनका सम्मान बढ़ाने का काम करते हैं। यही कारण है कि सुनिल प्रभु उत्तर भारतीय के दिल पर राज करते हैं और भारी मतों से चुनकर आते हैं।

## जुहू हरे रामा हरे कृष्णा मंदिर हॉल में साक्षात फाउंडेशन, एकतारा फाउंडेशन, सावधान फाउंडेशन द्वारा

# 125 संस्थाओं को अवार्ड व सम्मान पत्र देकर किया सम्मान

### उत्तर प्रदेश के विधायक दिनेश चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवक पीरजादा और हास्य फिल्म कलाकार सुनील पाल सहित कई फिल्मी सितारों के द्वारा एन.जी.ओ. हुए सम्मानित

### कार्यक्रम के आयोजक भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व दिव, दमण, सिल्वासा के प्रभारी रामकुमार पाल ने मुख्य अतिथियों का किया सम्मान, माना आभार

### हर छोटी-बड़ी संस्थाओं को नदी व गंगा की तरह जोड़कर निर्मल व उपयोगी बनाने की मेरी कोशिश है -राम कुमार पाल

















### साक्षात फाउंडेशन और एकतारा फाउंडेशन ने किया ऐतिहासिक कार्य छोटे से बड़े संस्थाओं को मिलाकर दिल से जोड दिया - विधायक चौधरी

### एकतारा के जैसा कोई स्टार नहीं, मैं भी जुड़ता हूं। आप लोग भी एकतारा फाउंडेशन से जुड़िए -हास्य कलाकार सुनील पाल

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई,** मुंबई की चकाचौंध की दुनिया में जुहू हरे रामा हरे कृष्णा के हॉल में साक्षात फाउंडेशन, एकतारा फाउंडेशन और सावधान फाउंडेशन द्वारा १२५ सामाजिक संस्थाओं (एन.जी.ओ.) को अवार्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व दिप, दमण, सिल्वासा के प्रभारी, राम कुमार पाल ने किया था। इस आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में सन्दरी सुमन सिंह ठाकुर, पिछले १२ से १५ वर्षों से लगातार बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ के अभियान के माध्यम से भारत वर्ष के कोने-कोने में **(शेष पृष्ठ ४ पर...)**

## संपादकीय

# पहचान के उलझे सवाल और एनआरसी

**अनेक** विवादों और उतार-चढ़ाव के बीच असम में ह्यनेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजनह्ण यानी एनआरसी की प्रक्रिया अपने आखिरी चरण में पहुंच गई है। इसी



माह की 31 तारीख को इसे प्रकाशित किया जाएगा। पिछले साल 31 जुलाई को इसका अंतिम मसौदा प्रकाशित किया गया था और इस साल 31 जुलाई तक इसमें सभी तरह के सुधार कर लिए जाने थे। लेकिन एनआरसी अधिकारियों के अनुरोध पर और खास तौर से असम में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने इसे एक माह और आगे बढ़ा दिया था। शीर्ष अदालत की सीधी निगरानी में यह प्रक्रिया चल रही है।

एनआरसी को लेकर तरह-तरह के नैरेटिव, दावे-प्रतिदावे किए जाते रहे हैं। पिछले वर्ष प्रकाशित एनआरसी मसौदे ने लगभग 40 लाख लोगों को जब इस सूची से बाहर रखा, तो काफी हंगामा खड़ा हुआ था, दलीलें दी गईं कि एक खास समुदाय के लोगों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया और इतनी बड़ी संख्या में बाहर रह गए लोगों का आखिर क्या होगा? राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मीडिया में एक वर्ग द्वारा एनआरसी के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसकी प्रक्रिया को लेकर लगाए गए कुछ आरोप सही भी थे, तो कुछ बिल्कुल गलत या फिर वे आधे-अधूरे सच थे। दिलचस्प यह है कि असम के मूल निवासियों ने आखिर क्यों एनआरसी को अपडेट करने की मांग की और राज्य में अवैध रूप से आकर बसने वालों के इतिहास की इस पूरी बहस में चर्चा ही नहीं हुई।

असम के मूल निवासियों के कुछ संगठन पिछले साल एनआरसी के मसौदे के प्रकाशन के बाद से यह मांग करते रहे हैं कि इसमें शामिल लोगों के नाम की फिर से तस्दीक की जाए, क्योंकि उनका आरोप है कि राज्य के कई इलाकों में इस प्रक्रिया में भारी गड़बड़ियां हुई हैं। केंद्र सरकार और असम सरकार ने अपील की थी कि बांग्लादेश की सरहद से लगे ऐसे जिलों के 20 फीसदी नामों और सैंपल सत्यापन के लिए अन्य जिलों के 10 प्रतिशत नामों के पुनर्सत्यापन की इजाजत दी जाए, मगर शीर्ष अदालत ने दोनों सरकारों और कुछ असमी संगठनों की ऐसी अपीलों को हाल ही में खारिज कर दिया।

जिन लोगों को विदेशी (25 मार्च, 1971 के बाद असम आने वाले) घोषित किया गया है, उनके बच्चों की स्थिति को लेकर भी तरह-तरह की अटकलें लगाई जाती थीं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि 25 मार्च, 1971 के बाद और 1987 से पहले पैदा हुए ऐसे बच्चों के नाम, जिनके अभिभावकों को विदेशी घोषित किया गया है, फिलहाल एनआरसी में शामिल नहीं किया जाएगा। 1987 से 2004 के बीच पैदा हुए ऐसे बच्चों के नाम भी इसमें दर्ज नहीं किए जाएंगे, जिनके एक भी अभिभावक को विदेशी घोषित किया गया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस तरह के अनेक मामलों की सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय की पीठ अभी कर रही है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि 3 दिसंबर, 2014 के बाद पैदा हुए ऐसे अभिभावकों के बच्चों के नाम, जिन्हें विदेशी या डी-वोटर (संदिग्ध मतदाता) घोषित किया गया है, एनआरसी में शामिल नहीं किए जाएंगे।

उत्पीड़न के आरोप भी लग रहे हैं, क्योंकि हजारों परिवारों को यह त्वरित सूचना दी गई है कि वे फौरन एनआरसी केंद्रों पर अपने पुनर्सत्यापन के लिए पहुंचें। इसके कारण राज्य के धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों से जुड़े अनेक संगठन विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वैसे, सिटीजनशिप (रजिस्ट्रेशन ऑफ सिटीजन्स ऐंड इशु ऑफ नेशनल आइडेंटिटी कार्ड्स) रूल्स 2003 के आधार पर एनआरसी अधिकारी ऐसा कर सकते हैं।

लेकिन इस पूरी कवायद से जुड़ा एक सवाल अब तक अनुत्तरित है कि आखिर जो लोग अंतिम रूप से एनआरसी से बाहर रह जाएंगे, उनके लिए सरकार की क्या योजना है? केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपने एक हालिया बयान में कहा है कि एनआरसी में नाम शामिल नहीं होने का यह अर्थ नहीं है कि कोई व्यक्ति विदेशी है। इसका फैसला सिर्फ ह्यफॉरेनर्स ट्राइब्यूनल्सह्ण द्वारा होगा। गृह मंत्रालय ने एनआरसी में नाम दर्ज कराने के दावेदारों को 120 दिनों के भीतर फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल्स में अपील करने का मौका दिया है। अब सबकी निगाह एनआरसी-प्रकाशन के बाद की स्थिति पर लगी है।

# राज्य में दोबारा बनेगी महायुति की सरकार

**मुंबई :** बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना को मिली भारी जीत के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ राज्य में दोबारा महायुति की सरकार बनेगी।



विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तरफ से कराए गए गुप्त सर्वेक्षण में ऐसा संकेत मिला है। भाजपा के सर्वेक्षण में राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 229 सीटें भाजपा और शिवसेना की महायुति को मिलती दिख रही हैं। इस सर्वेक्षण से भाजपा और शिवसेना के नेताओं और कार्यकताओं का मनोबल मजबूत हुआ है। बता दें कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने अपनी तरफ से एक सर्वे कराया है, जिसमें राज्य की जनता भाजपा और शिवसेना की सरकार के कामों से संतुष्ट है और 288 सीटों में से 229 सीटें महायुति को देकर राज्य में दोबारा भाजपा और शिवसेना की सरकार बनाने का स्पष्ट संकेत दिया है। साथ ही लोगों ने दोनों पार्टियों को युति करने के लिए आग्रह किया है।

गिरीश महाजन वहीं सरकार के संकटमोचक कहे जाने वाले राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि अक्टूबर महीने में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में महायुति 288 में से 240 सीटें जीतेगी, जबकि विपक्षियों को 48 सीटों पर संतुष्ट करना पड़ेगा। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि चुनाव में भाजपा का आंकड़ा कभी गलत नहीं होता।

पार्टी द्वारा किया गया सर्वे सही साबित होगा। क्योंकि राज्य की जनता देवेंद्र फड़नवीस सरकार द्वारा किए गए विकास कामों से संतुष्ट है।

## पालघर जिले का मोबाइल चोर गिरोह गिरफ्तार

**वसई-विरार :** हर साल गणेशोत्सव मंडल से गणेश भक्तों का मोबाइल चोरी करनेवाले जी कंपनी गिरोह के मोबाइल चोर इस बार गणेशोत्सव आने के पहले ही धर लिए गए। एक पत्रकार का मोबाइल चोरी करना चोर को इतना भारी पड़ा कि मुंबई रेलवे पुलिस के क्राइम ब्रांच की टीम ने उस गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर कई मामलों को सुलझा लिया है। जी कंपनी के नाम से चलनेवाले इस मोबाइल चोर गिरोह के पास से पुलिस ने लाखों का मोबाइल बरामद किया है। मुंबई के एक पत्रकार का ओप्पो एफ ९- १९ हजार ९९० रुपए का मोबाइल नालासोपारा स्टेशन पर चढ़ते समय रात १२.०६ बजे जी कंपनी के गुर्गों ने निकाल लिया था।

इस मामले को वसई लौह मार्ग पुलिस थाने में दर्ज करवाया गया। कई महीने तक इस मोबाइल का कोई पता नहीं चला। अंत में इस पत्रकार ने अपने जाननेवाले मालवणी पुलिस के अधिकारी राकेश पवार से मदद मांगी। राकेश पवार ने उस अपराध संख्या में दर्ज मोबाइल का आईएमई नंबर अपने एक पुलिस अधिकारी मित्र सुरेश चोपड़े को दिया। भायखला क्राइम ब्रांच के उस अधिकारी ने इस मोबाइल के पीछे अपनी टीम लगा दी, आखिर में इस मोबाइल का लोकेशन नालासोपारा में मिला। जांच के बाद जब भायखला क्राइम ब्रांच ने जी कंपनी के मुखिया राहुल गिरी को गिरफ्तार किया तो पता चला कि राहुल अपने गिरी नाम के साथ ही अपने गिरोह को बोलता था हम जी कंपनी बनाकर यह काम करेंगे। जांच में पुलिस को पता चला कि इस गिरोह में कुल ३ लोग शामिल हैं। राहुल गिरी, संदीप मिश्रा और वकील शेख, जो रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चुराते थे, ये वही गिरोह है जो गणेश पंडालों में भी गणेश भक्तों के बीच जाकर हाथ साफ करते थे।

# बेंगलुरु से मुंबई पहुंचा मेट्रो का डिब्बा




**मुंबई :** मेट्रो 2 और 7 कॉरिडोर पर दौड़ने वाला मेट्रो का पहला डिब्बा ( प्रोटो) मुंबई पहुंच गया है। मेक इन इंडिया मुहिम के तहत मेट्रो के इन दो कॉरिडोर के लिए बेंगलुरु में 500 डिब्बों का निर्माण हो रहा है। इस योजना का पहला डिब्बा सोमवार को मुंबई पहुंचा। मेट्रो 2 और 7 कॉरिडोर के के निर्माण का काम अंतिम चरण में है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने वर्ष 2020 तक इस मार्ग से सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। इस मेट्रो के पहले डिब्बे को एमएमआरडीए ग्राउंड में रखा जाएगा। डिब्बे के मुंबई पहुंचने पर एमएमआरडीए कर्मियों द्वारा इसकी पूजा की गई, इस दौरान एमएमआरडीए आयुक्त आर.ए. राजीव भी मौजूद थे।

एमएमआरडीए ने मेट्रो 2 अ , मेट्रो ब और मेट्रो 7 के लिए 378 डिब्बों के निर्माण का जिम्मा बीईएमएल कंपनी को सौंपा है। इसके लिए एमएमआरडीए ने कंपनी के साथ 3015 करोड़ रुपये का करार किया है। 6 डिब्बों की नई 63 मेट्रो ट्रेनों को इस रूट पर चलाने की योजना है। मेट्रो की अन्य परियोजना के लिए कंपनी को 21 ट्रेनों और मेट्रो ट्रेन का ठेका कंपनी को दिया गया है। 21 ट्रेनों में कुल 126 डिब्बों होंगे। जुलाई 2020 में एमएमआरडीए को पहली छह डिब्बों की गाड़ी मिल जाएगी। अत्याधुनिक सुविधा वाले छह डिब्बों की मेट्रो में एक साथ 2092 यात्री सफर कर सकते हैं, जबकि मौजूदा समय में घाटकोपर से वसोर्वा के बीच चल रही चार डिब्बों की मेट्रो में 1500 यात्री सफर करते हैं। एमएमआरडीए के अनुसार, सभी डिब्बों में चालक और यात्री के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए विशेष यंत्र लगाए जाएंगे। मेट्रो के यह नए रैक पूरी तरह स्वचालित होंगे। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी डिब्बों में सीसीटीवी की भी व्यवस्था की गई है। डिब्बों के निर्माण में 3.20 मीटर चौडे स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुंबई समेत आसपास के परिसर में मेट्रो की विभिन्न परियोजनाओं का काम चला रहा है।


## भारतीय सेवा महासंघ मुंबई ( रजि. ) ( एन.जी.ओ. )

*न्याय धर्म की लड़ाई में हमेशा तत्पर रहनेवाला, कानूनी सलाह में सहयोग देनेवाला सामाजिक संस्था (एन.जी.ओ.) भारतीय सेवा महासंघ मुंबई चौबीसो घंटे आपके साथ है। ।*


भारतीय सेवा महासंघ, मुंबई (रजि.)
महाराष्ट्र सरकार मान्यता प्राप्त रजि. क्रं. १४८/१९९९
(जी.बी.एस.डी.) Sr. No.001
नाम : दीनानाथ तिवारी
पता : जय बजरंगबली वेल्फेअर एशोसिएशन, गांधी नगर, कटिंग नं. १०, कुरार व्हिलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई - ४०० ०९७.
पद : राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाप्ति अवधी : १०/१२/२००८ से १०/१२/२०१३ तक

**भारतीय महासंघ मुं. का सदस्यता अभियान व पदाधिकारी की नियुक्ति के साथ ही सात परिचय पत्र 'आयकार्ड' (आलेख पत्र) देने का अभियान शुरु**

**विशेष -** जिस किसी महिला, पुरुष नवयुवक, नवयुवती को सदस्य/पदाधिकारी बनना चाहते तो साथ में सदस्य शुल्क चार फोटो व स्थानीय/स्थायी पता, संपर्क नंबर लाना ना भूले ।

**विशेष जानकारी के लिए संपर्क - जय बजरंग बली, वेलफेअर एसोसिएशन गांधीनगर नं. 10, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ) 97 फोन नं. 022-29656280, 9821287905**

राष्ट्रीय अध्यक्ष- दीनानाथ तिवारी ( वरिष्ठ पत्रकार ), महाराष्ट्र अध्यक्ष-राजेश बाबू, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष- मंजु तिवारी, मुंबई अध्यक्ष- डॉ. आर.एम. तिवारी, महिला मुंबई अध्यक्षा- पूजा पाण्डेय, महासचिव- विजय प्रकाश मिश्रा, राजेश यादव ( पत्रकार ), उपाध्यक्ष- कमलेश दुबे, उपेन्द्रमणि पाण्डेय, कोषाध्यक्ष- प्रमोद पाण्डेय, संगठन मंत्री- शेषधर दुबे, ठाणे जिला अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला ( वरिष्ठ पत्रकार ), थाना जिलाउपाध्यक्ष पप्पू खान वरिष्ठ नेता, रामजी शुक्ला, सैलराज मिश्रा, चंद्रसेन सिंह, खुशियाल शुक्ला, पवन गुप्ता, हीरालाल धिमर, मनोज चौधरी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कई हजार सदस्य गण आपका हार्दिक स्वागत करते है।।


## संक्षिप्त

## बारीश ने धीमी की मुंबई की रफ़्तार

**मुंबई :** मुंबई में गणेश चतुर्थी उत्सव के बीच भारी बारिश से लोगों को मुश्किल झेलनी पड़ रही है। जब 2 सितंबर को 10 दिन तक चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत हुई तो एक बार फिर बारिश मुंबई वासियों के लिए मुसीबत बनकर आईं। रविवार से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से शहर में जगहज गह जलभराव हो गया। लोकल ट्रेन की रफ़्तार भी धीमी पड़ गई है, वहीं बेस्ट ने कई रूट पर बस सेवाओं को डायवर्ट किया। भारी बारिश की वजह से मायानगरी के निचले इलाकों- सायन, किंग सर्कल, माटुंगा, परेल और अंधेरी में पानी भर गया। कई इलाकों में लोगों के घरों में पानी भी घुस गया। इसके साथ ही उपनगरीय लोकल सेवा भी सभी प्रमुख लाइन पर देरी से चलीं।

सेंट्रल लाइन, हार्बर लाइन और वेस्टर्न लाइन पर लोकल ट्रेन की सेवाएं बारिश से प्रभावित हुई हैं। इस बीच बेस्ट ने जलभराव को देखते हुए नौ इलाकों में कुल 38 रूट्स पर बस सेवा को डायवर्ट किया है। किंग सर्कल की ओर से जाने वाली बसें भाऊदाजी रोड और सुलोचना शेट्टी रोड, हिंदमाता सिनेमा से हिंदमाता ब्लाईओवर, सायन रोड नंबर 24 से सायन रोड नंबर 3, एसवी रोड नेशनल कॉलेज से पीडी हिंदुजा रोड और लिंक रोड, मिलन सबवे से मिलन ब्लाईओवर, कुर्ला एसटी डिपो से एसजी बर्वे मार्ग, समाज मंदिर हॉल से जय शंकर याग्निक मार्ग, शेल कॉलोनी चेंबूर फाटक से वीएन पुरव मार्ग, चेंबूर नाका और के लिए बसें डायवर्ट करनी पड़ीं। छह सितंबर तक बारिश का अनुमान इस बीच मौसम विभाग की मानें तो मुंबई के आस-पास के इलाकों में 6 सितंबर तक बारिश का सिलसिला चलेगा। भारतीय मौसम विभाग ने उत्तरी कोंकण, दक्षिणी कोंकण, उत्तर मध्य महाराष्ट्र और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर भारी बारिश का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग का कहना है, 'मुंबई शहर और उपनगरीय इलाकों में बादल छाए होने के साथ ही हल्की बारिश होगी। कुछ जगहों पर भारी बारिश भी संभव है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री और 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।'

## राज्यपाल सी विद्यासागर राव की विदाइ

**मुंबई :** महाराष्ट्र के राज्यपाल पद का कार्यकाल पूर्ण कर चुके सी विद्यासागर राव को मंगलवार को शासन की तरफ से राजभवन में भावपूर्ण विदाई दी गई। महाराष्ट्र के नए राज्यपाल पद पर चुने गए भगत सिंह कोश्यारी का शपथ ग्रहण गुरुवार, 5 सितंबर को शाम 6 बजे राजभवन में होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने विद्यासागर राव को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदाई दी और उनका आभार प्रकट किया। इस दौरान राज्यपाल को नौसेना की तरफ से सलामी दी गई। इस कार्यक्रम के तुरंत बाद राज्यपाल सपत्नी हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। संक्षिप्त विदाई समारोह कार्यक्रम में राजस्व मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल, पर्यटन मंत्री जयकुमार रावल, जलसंपदा मंत्री गिरीश महाजन, शालेय शिक्षण व क्रीड़ा मंत्री आशीष शेलार, मुख्य सचिव अजोय मेहता, पुलिस महासंचालक सुबोध जायसवाल, पुलिस आयुक्त संजय बर्वे, प्रधान सचिव राजशिष्टाचार नंदकुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान राज्यपाल विद्यासागर राव ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों और राज्य की जनता से मिले सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। महाराष्ट्र के नए राज्यपाल पद के लिए चुने गए भगत सिंह कोश्यारी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार 5 सितंबर को शाम 6 बजे राजभवन में होगा।

## कश्मीर में दो रिजॉर्ट का निर्माण करेगी महाराष्ट्र सरकार, कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

**मुंबई.** केन्द्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद घाटी में महाराष्ट्र सरकार बड़ा निवेश करने जा रही है। सरकार कश्मीर में जमीन खरीद कर दो रिजॉर्ट का निर्माण करेगी। मंगलवार को महाराष्ट्र कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

राज्य के पर्यटन मंत्री जयकुमार रावल ने बताया 'उनके पास लक्षद्वीप में रिजॉर्ट शुरू करने का प्रस्ताव है, लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता कश्मीर और लद्दाख में निवेश की है। एमएसआरटीसी श्रीनगर के पास एक रिसॉर्ट और लद्दाख के पास एक पर्वतारोहण संस्थान खोलने की योजना बना रही है। जहां मामूली दर पर देशी, विदेशी और राज्य के पर्यटक ठहर सकेंगे।' बता दें कि धारा 370 हटाने के बाद घाटी में निवेश करने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य होगा।

महाराष्ट्र टूरिज्म कारपोरेशन अगले 15-20 दिनों में एक टीम उपयुक्त स्थलों को खोजने के लिए वहां जाएगी। राज्य के पर्यटन मंत्री रावल का कहना है कि महाराष्ट्र में निगम का अपने कई सारे रिजॉर्ट हैं, ठीक उसी तर्ज पर निगम कश्मीर और लद्दाख के बफीर्ली वादियों में रिजॉर्ट खोले जाएंगे।

कश्मीर और लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय बड़ी पहल करने जा रहा है। इसके लिए खुद केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल के नेतृत्व में मंत्रालय की एक टीम इसी महीने में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की यात्रा पर जाएगी। यह टीम दोनों नवगठित केंद्र शासित क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं को अंतिम रूप देगी।

## कांग्रेसी अब्दुल सत्तार बने शिवसैनिक

**मुंबई :** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। राज्य के पूर्व मंत्री अम्दुल सत्तार शिवसेना में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। पार्टी पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। सत्तार कांग्रेस के बड़े मुस्लिम चेहरा माने जाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। सत्तार औरंगाबाद जिले की सिलोद सीट से विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह सीट जालना लोकसभा का हिस्सा है। औरंगाबाद एक मुस्लिम बाहुल्य इलाका है और शिवसेना सत्तार के माध्यम से मुस्लिम वोटर्स को साधने की जुगत में जुट गई है। औरंगाबाद से शिवसेना के 4 बार के सांसद चंद्रकांत खैरे को इस बार हार का मुंह देखना पड़ा था। इसलिए अम्दुल सत्तार का पार्टी से जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। गौरतलब है कि अम्दुल सत्तार ने इसी साल हुए आम चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक के रूप में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख रहे रावसाहेब दानवे की मदद की थी, जो जालना लोकसभा सीट से चुनाव जीते थे। सिलोद विधानसभा क्षेत्र जालना संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

## बीएमसी के दो कर्मचारियों की भारी बारिश के दौरान पानी में गिरने से मौत

**मुंबई : :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के दो कर्मियों की बुधवार को पश्चिमी उपनगर गोरेगांव में भारी बारिश के दौरान पानी में गिरने से मौत हो गई. एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की शाम को सिद्धार्थ नगर में हुई इस घटना में मारे गए कर्मियों की पहचान विजयेन्द्र सरदार बागड़ी (36) और जगदीश परमार (54) के तौर पर हुई है.

उनके अनुसार, विजयेन्द्र और जगदीश दोनों ही बीएमसी के पी/एस वार्ड के कर्मचारी थे. लगता है कि भारी बारिश में ड्यूटी पर तैनात दोनों कर्मी पानी में डूब गए थे. अधिकारी ने बताया कि दोनों कर्मियों को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है.


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email : metrodinank@gmail.com

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। **संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) **- चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ :** बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### हम गाय पैदा करने की फैक्ट्री लगा देंगे-गिरिराज सिंह

**नागपुर.** भाजपा के फायर ब्रांड नेता और अपने बयानों की वजह से हमेशा सुर्खियों में रहने वाले गिरिराज सिंह ने कहा है कि हम गाय पैदा करने की फैक्ट्री लगा देंगे। 2025 हिंदुस्तान में 10 करोड़ बछिया होगी। आज दूध उत्पादन का वैल्यू एडिशन जो 26 से 27 प्रतिशत है उसे 50 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य हमने रखा है। केंद्रीय पशुपालन मंत्री ने नागपुर में मदर डेयरी के कार्यक्रम में ये बातें कही। गिरिराज सिंह ने कहा कि आईवीएफ टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से गाय से जो बच्चे पैदा होगी वह सिर्फ बछिया होगी। विदर्भ की गायें बड़ी छोटी होती हैं जो एक से दो लीटर दूध देती हैं। एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर ऐसी क्रांति लाएंगे जिससे गायें 20 लीटर तक दूध देंगी। जो गायें अभी दूध नहीं दे रही हैं, वह भी दूध देने लगेंगी। इससे करीब डेढ़ करोड़ लोगों को फायदा होगा। मुनाफा बढ़ेगा तो किसानों के चेहरे पर खुशहाली आएगी। केंद्रीय पशुपालन मंत्री ने कहा कि 2019-20 में हमारा लक्ष्य है पूरे देश में तीस लाख बछिया पैदा करना। इससे दूध उत्पादन के क्षेत्र में क्रांति आएगी। दुनिया में हमारे यहां दूध की कीमत सबसे कम होगी।

### कार और बस के बीच टक्कर, नाराज कार मालिक ने बस ड्राइवर को जमकर पीटा

**मुंबई.** नवी मुंबई के नेरुल इलाके में शुक्रवार को एक स्टेट ट्रांसपोर्ट की बस और एक कार के बीच टक्कर हो गई। इस घटना से नाराज कार के ड्राइवर ने बस में घुस ड्राइवर की बुरी तरह से पिटाई कर दी। इस घटना में बस ड्राइवर को चोटें आईं हैं। ड्राइवर संग हुई मारपीट की यह घटना बस में बैठे किसी यात्री ने अपने मोबाइल फोन में शूट किया और पुलिस को दे दिया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश जारी है। वीडियो में आरोपी ड्राइवर को पीटता हुआ और लोग तमाशा देखते हुए नजर आ रहे हैं।

### मुम्बई-गोवा हाईवे पर बस जलकर राख, 60 यात्री बचाए

**मुंबई**-गोवा हाइवे से गुजर रही बस में अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी भयावह थी कि उसने कुछ मिनटों के अंदर ही पूरी बस को चपेट में ले लिया. जिस वक?त यह हादसा हुआ पूरी बस यात्रियों से खचाखच भरी थी. हालांकि यात्रियों और स?थानीय लोगों की सूझबूझ से बस में सवार 60 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया. बस में से सभी यात्रियों को निकालने के बाद जब तक आग बुझाई जाती, बस से आग की भीषण लपटें उठने लगीं और बस पूरी तरह जलकर राख हो गई. यह बस महाराष?ट्र राज?य परिवहन की थी. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ. फिलहाल बस में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है. यह बस मुंबई से चिपलून जा रही थी.

### सहकारी बैंक घोटाले का मामला पहुंचा सुप्रिम कोर्ट

**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। आज सोमवार को इस मामले में सुनवाई होगी। मुंबई हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। अमरीश शिवराज पंडित, आनंद राव सहित 6 लोगों ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दरअसल, 22 अगस्त को मुंबई हाई कोर्ट ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार सहित 70 लोगों पर मामला दर्ज करने का आदेश दिया था।

# बोगस दस्तावेज के सहारे पास्को एक्ट के बलात्कारी को मिली जमानत

## वालीव पोलिस ठाणे में दर्ज पास्को एक्ट का मामला...

**संवाददाता**

**मुंबई,** पीड़िता द्वारा अपने अलग-अलग प्रमाणपत्र बताने के बावजूद भी वालीव पोलिस प्रशासन ने नहीं लिया संज्ञान

वालीव पोलिस की संज्ञान में आरोपी हेमंत गोपालदास वर्मा द्वारा फर्जी दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत करने पर भी संबंधित अधिकारी की चुप्पी कुछ तो कहती है...




पालघर जिले के वालीव पोलीस ठाणे अंतर्गत पास्को एक्ट के तहत अप्रैल माह में मामला दर्ज हुआ था। एफआईआर संख्या ४३२/२०१९ जिसमें पीड़िता की उम्र लगभग सत्र वर्ष बतायी गयी थी, जिसमें पीड़िता नाबालिग की श्रेणी में आती है, अतएव मामला पॉस्को एक्ट के तहत दर्ज हुआ था। विगत कुछ दिन पहले आरोपी हेमंत गोपालदास वर्मा ने कोर्ट में जमानत की अर्जी दाखिल किया, जिसमें पीड़िता की फर्जी वोटर आईडी दस्तावेज के आधार पर उसकी उम्र कुछ अलग बताया जिसके आधार पर आरोपी हेमंत गोपालदास वर्मा की जमानत मंजूर कर दी गई। किन्तु जब पीड़िता को यह मालूम हुआ कि उसकी जालसाजी वोटर आईडी बनाकर जमानत याचिका दाखिल करने में उपयोग हुआ है तो पीड़िता ने वालीव पुलिस ठाणे में संबंधित अधिकारी से संपर्क किया एवं अपनी सही उम्र के कई अलग-अलग दस्तावेज दिखाया एवं वालीव पुलिस थाने के संबंधित अधिखारियों से न्यायालय में सही दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपील की किंतु वालीव पुलिस प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। पीड़िता के अनुसार सबसे बड़ा एवं अहम सवाल यह है कि आरोपी हेमंत गोपालदास वर्मा जेल के अंदर रहते हुए भी इतना बड़ा षडयंत्र करते हुए न्यायालय की दिशाभू ल करने में कामयाब हुआ है। एवं इस गलत तरीके के दस्तावेजों को तैयार कर न्यायालय तक पहुंचाने वाले व्यक्ति पर भी उचित प्रशासनिक कार्यवाही होना नितांत आवश्यक है। क्योंकि यह भी एक गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। पीड़िता ने न्यायालय से गुहार की है कि आरोपी ने कोर्ट की दिशाभूल कर जालसाजी दस्तावेज के आधार पर जमानत याचिका दाखिल किया है, जिसे न्यायालय ने सही समझकर आदेश दिया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी द्वारा प्रस्तुत जालसाजी दस्तावेजों की जांच होनी चाहिए एवं उचित न्यायिक प्रक्रिया के तहत दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए।


# बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा कर मुंबई पहुंची केंद्रीय टीम

**मुंबई :** कोकण व पश्चिम महाराष्ट्र में आई बाढ़ का जायजा लेने आई केंद्रीय टीम बाढ़ की भीषणता से केंद्र सरकार को अवगत कराएगी। इसके बाद केंद्र से महाराष्ट्र को आवश्यक मदद मिलेगी। यह बात कहते हुए राजस्व मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा कि केंद्र की मदद मिलने से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने बाढ़ प्रभावितों को राहत देने का फैसला किया है और राज्य सरकार की तरफ से इसका क्रियान्वयन जारी है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए राज्य सरकार ने केंद्र से 6800 करोड़ रुपए की मांग की है। केंद्रीय दस्ते के निरीक्षण के बाद अब विस्तृत ज्ञापन पेश किया जाएगा। सह्याद्रि गेस्ट हाऊस में राजस्व मंत्री पाटिल की अध्यक्षता में केंद्रीय टीम के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य सचिव अजय मेहता के साथ राज्य के



विभिन्न विभागों के सचिव उपस्थित थे। बैठक के दौरान केंद्रीय टीम के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वास्तविक निरीक्षण के दौरान टिप्पणियों को दर्ज किया। राजस्व मंत्री ने कहा कि सात लोगों की एक टीम 27 अगस्त को बाढ़ प्रभावित भागों का निरीक्षण करने पहुंची थी। दो टीम बनाकर सांगली, सातारा, कोल्हापुर, सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, रायगड, ठाणे और पालघर इन आठ जिलों का दौरा किया गया। राष्ट्रीय आपत्ति व्यवस्थापन प्राधिकरण के सहसचिव डॉ. वी थीरुप्पुगाज के नेतृत्व में ऊर्जा, जल संसाधन, सड़क परिवहन, कृषि, ग्रामीण विकास और वित्त विभाग के केंद्रीय अधिकारी शामिल थे। बाढ़ आने के तुरंत बाद केंद्रीय टीम के महाराष्ट्र आने पर राजस्व मंत्री ने उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ के नुकसान की भरपाई के लिए अलग मापदंड लागू होने चाहिए। बाढ़ से न केवल खेती को नुकसान पहुंचा है, बल्कि इसके लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को भी खासा नुकसान पहुंचा है। ऐसे में किसानों का केवल साल का नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि अगले दो-तीन साल का नुकसान हुआ है। सांगली, कोल्हापुर में कुछ ही समय में दस गुना से अधिक बारिश हुई। अचानक आई आपदा से लोगों को चेतावनी देने का मौका नहीं मिला। मुख्य सचिव ने कहा कि 7 लाख लोगों को सुरक्षित बचाया गया।

कोल्हापुर, सांगली सर्वाधिक कृषि आय वाले जिले हैं और बाढ़ से फलों के बगीचे और खेती को नुकसान हुआ है। मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे में नुकसान भरपाई के लिए एक ही मापदंड न बनाकर अलग-अलग मापदंड बनाने चाहिए। कोल्हापुर की दूध उत्पादक जिले के रूप में पहचान है, वहां कृषि पूरक व्यवसाय बड़े पैमाने पर किए जाते हैं। महिलाओं का इसमें खासा योगदान है, ऐसे में मुआवजा देते वक्त इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।



आरओसी - २०१९-२० /क्र-५/C २३२५

# 125 संस्थाओं को अवार्ड व सम्मान पत्र देकर किया सम्मान...

(पृष्ठ १ का शेष...)

अपना संदेश लोगों के बीच पहुंचाने वाले अजय दुबे ने आयोजित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के केराकत जौनपुर विधानसभा के विधायक दिनेश चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवक पीरजादा और हास्य कलाकार सुनील पाल के अलावा कई फिल्मी सितारों के द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं (एन.जी.ओ.), को चलाने व उसके माध्यम से देश की जनता की मदत करने वालो का सम्मान मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा सम्मान चिन्ह, शाल, श्रीफल व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस शुभ अवसर पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित उत्तर प्रदेश के विधायक दिनेश चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवक पीरजादा, आयोजक रामकुमार पाल और फिल्मी हास्य कलाकार सुनील पाल के अलावा ''लास्ट दिल फिल्म'' के कलाकार डायरेक्टर बृजेश राजपुत, रबी मांझी, प्रशांत फोकन इत्यादि प्रमुख गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

इस शुभ अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित पत्रकारों व सामाजिक संस्थाओं को संबोधित करते हुए प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक दिनेश चौधरी ने कहा है कि साक्षात फाउंडेशन, एकतारा फाउंडेशन, सावधान फाउंडेशन ने आज एक ऐतिहासिक कार्य किया, जो छोटे से बड़े सामाजिक संस्थाओं (एन.जी.ओ.) को मिलाकर दिल से जोड़ दिया। जिसके माध्यम से तरह-तरह की समस्याओं, योजनाओं और मिशन को लेकर काम करने वाली संस्थाओं के माध्यम से देश के कोने-कोने में हर तरह की समस्या को सुलझाने व खत्म करने की कोशिश करेगी। इससे देश समाज का भला होगा। इसका पूरा श्रेय एकतारा फाउंडेशन के आयोजक राम कुमार पाल व उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने व सहयोग करने वालों को जाता है।



इस मौके पर अतिथि के रूप में उपस्थित कई फिल्मों में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध हास्य फिल्म कलाकार सुनील पाल ने मंच पर तरह-तरह के हास्य कविता, डायलाग, फिल्मी एक्शन दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपना विचार रखते हुए कहा कि एक तारा के जैसा कोई स्टार नहीं। मैं भी जुड़ता हूं, आप लोग भी एकतारा फाउंडेशन से जुड़िए। उन्होंने आगे यह भी कहा कि जिस तरह से एकतारा फाउंडेशन अच्छा काम कर रहा है, वैसा कोई काम नहीं कर सकता है। जैसा इसका नाम है, वैसा ही इसका काम है। मैं एकतारा फाउंडेशन व इससे जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं, उन्होंने आगे यह भी कहा है कि कुछ तो एन.जी.ओ. संस्थाएं बोगस बने हैं, जो किसी काम के नहीं हैं, जो समाज में काम कम विवाद ज्यादा पैदा करने का काम करते हैं।

इस कार्यक्रम के आयोजक भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व दिव, दिमण, सिल्वासा के प्रभारी रामकुमार पाल ने इस भव्य कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित अतिथियों को शाल, श्रीफल, सम्मान चिन्ह, अवार्ड के अलावा सम्मान पत्र देकर सम्मान किया और आए हुए भारी संख्या में एन.जी.ओ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का आभार मानते हुए कहा कि मेरी कोशिश है कि जिस तरह से हर छोटी नदी गंगा से जुड़कर निर्मल व उपयोगी बन जाती है, ठीक उसी प्रकार हर छोटी संस्था (एन.जी.ओ.) बड़ी संस्थाओं के साथ दिल से दिल मिलाकर जुड़ जायेगी, तो भारत देश के कोने-कोने में तरह-तरह की समस्याओं को लेकर संघर्ष करने वाली लड़ने वाली संस्थाएं भारी संख्या व साथ होने पर समस्या जल्द से जल्द खत्म होने के अलावा पूरी निर्मलता के साथ समाज में काम करने की उत्साह और ताकत बढ़ेगी। जिससे संस्था का नाम सम्मान के अलावा देश और समाज का भला होगा और देश का भला होगा।

इस तरह की सोच मैं अपने मन में रखकर यह कदम सभी सहयोगियों के सहयोग से बढ़ाया हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि एक न एक दिन ये नदी व गंगा की तरह हर क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं समुद्र बन जायेगी, जो पूरे विश्व में भारत की संस्था और भारत देश का नाम व सम्मान दिलाने का काम करेगी। जिस तरह से भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विश्व के कोने-कोने में भारत का झंडा, भारत की आवाम को बुलंद करने का काम कर रहे हैं। ठीक उसी प्रकार से संस्थाएं करेंगी।

इस मौके पर भारत के कोने-कोने से आई संस्थाओं ने इस मंच के माध्यम से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेरी विनती है कि देश में हो रहे बलात्कार की घटनाओं पर स्वयं ध्यान दें, तो ही पीड़ित महिला व उसके परिवार को न्याय मिल पायेगा और आरोपियों को सजा मिलेगी। अन्यथा अपराधियों का मनोबल नहीं टूटा तो अपराध बढ़ता जायेगा। और देश की सभी माता-पिता को विनती है कि बेटा की तरह बेटियों को भी खुला आसमान दो, पढ़ने, समाज में काम करने की आजादी दो। मैं दावे के साथ कहती हूं कि लड़कों से लड़कियां कभी पीछे नहीं रहेंगी। आगे उन्होंने यह भी कहा कि जिन लड़कियों के साथ किसी गुन्डों, बदमाशों द्वारा कुछ हो जाता है तो उसको बहुत कम ही समाज के लोग साथ देते हैं। मेरी विनती है कि ऐसे समय में अपनी बेटी के अलावा पूरी देश की बेटी व बहन समझकर तन-मन-धन से मदद करते हुए बलात्कारी आरोपी को सजा दिलाकर ही दम लेना चाहिए, तभी अपराधी डरेंगे और हमारी बहन-बेटी सुरक्षित रहेंगी।

इस मौके पर एक एन.जी.ओ. के पदाधिकारी मंच से अंगदान देने की बात कही कि मरने के बाद शरीर पूरा जलकर राख हो जाता है, अगर वहीं अंग दान कर दिया जाये तो किसी भारतवासी का बेटा, माँ-बाप, बहन-बेटी की जान बच सकती है। जिसका आप सब पूर्ण सहभागी होंगे और आपके दिल को सुकून मिलेगा। इसके अलावा दान पाने वाला और जिस शरीर में अंग लगेगा वह व्यक्ति मरते दम तक आपको और आपके परिवार को याद करेगा।

भारतीय सेवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री व कानून मंत्री से मेरी विनय पूर्वक विनती करते हुए इस समाचार पत्र के माध्यम से मांग करता हूं, जो माता-पिता अपने बेटे को जन्म देते हैं, पालन पोषण करके उनको पूरी दुनिया दिखाते हैं। उन्हें पढ़ा लिखाकर काबिल बनाकर उनके पैर पर खड़ा कर देते हैं। मगर वहीं बच्चे मां-बाप को बूढ़ा होने पर अनाथ आश्रम में छोड़ देते हैं। या सड़क पर छोड़कर खुद अपनी बीवी बच्चों के साथ ऐसे करते हैं। इसलिए ऐसे नालायक बच्चों के लिए मोदी जी ऐसा कडक कानून बनायें कि कोई बेटा अपने माता-पिता के साथ ऐसा करने की हिम्मत न करे।

मेरा तो सुझाव है कि सरकार को श्रेष्ठ नागरिक (वृद्ध माता-पिता) के संरक्षण करने एक नारकोटिक्स जैसा विभाग बनाएं और जो भी लड़का बहू, अपने माता-पिता को अनाथ आश्रम या रोड पर छोड़कर जाता है, तुरंत अपराधिक मामला दर्ज कर जेल में डाल देना चाहिए और माता-पिता के प्रॉपर्टी से बेदखल कर देना चाहिए और उनकी प्रॉपर्टी, पगार उनके माता-पिता के पालन पोषण, देखरेख के लिए रुपया वसूला जाना चाहिए।

अगर ऐसा कानून बना और १० से १२ लोगों के ऊपर कार्रवाई हुई तो कोई माता-पिता को अनाथ आश्रम में या सड़क पर नहीं छोड़ेगा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत करके कार्यक्रम का समापन हुआ।



## बाप्पा के दर्शन पर प्लास्टिक हटाओ पानी बचाओ का संकल्प


**संवाददाता**

**मुंबई,** गणपति पाप्पा का अलग-अलग रूपों की लगातार १८ सालों से सेवा करने वाले सहारा समय राष्ट्रीय चैनल के वरिष्ठ पत्रकार हरीश तिवारी द्वारा लगातार आये हुए सभी गणेश भक्तों का स्वागत किया गया।

पत्रकार हरीश तिवारी जी ने बताया कि हर वर्ष अलग-अलग रुपों की गणपति बप्पा के हर रुप की सेवा करते आये हैं। जहां सिद्ध विनायक, दगडू सेठ, गोपाल कृष्णा, भगवान शिव सहित हर रूप में बाप्पा की पूजा करते हैं।

इस बार बालाजी स्वरुप भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर पूजन अर्चन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से प्रकृति को बचाने का संकल्प लेते हैं। वहीं हरीश तिवारी जी का कहना है कि जिस भगवान के दर्शन की कामना करते हैं अगर किसी कारण बस दर्शन नहीं हो पाता है, तो उसी दर्शन मूर्ति को हरीश तिवारी जी गमेश उत्सव के समय अपने घर में विराजमान कर उनकी विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। वहीं इस बार दिल्ली का अक्षर धाम मंदिर में भगवान को विराजमान किये हैं, जहां थर्माकोल बंद होने पर इको फ्रेंडली मंदिर बनाया गया है, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। देश में लगातार हो रही पानी की बर्बादी को रोकने हेतु पत्रकार हरीश तिवारी ने लोगों को पानी बचाने एवं जल संरक्षण करने का आव्हान भी किया है।







मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com